ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು **- 560003.**

Karnataka School Examination and Evaluation Board Malleshwaram,

Bangalore - 560003.

2026-27ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ - 4 S.S.L.C

MODEL QUESTION PAPER - 4 : 2026-27

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ

SUBJECT : Third Language Hindi

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61H	Subject Code : 61H
ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ	Time : 3 Hours
sಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80	Max. Marks : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।

[Turn over

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : **8x1=8**

1. 'औरत' शब्द का पुल्लिंग रूप है –
   (A) माँ (B) माता (C) आदमी (D) पति

2. 'दुरुपयोग' शब्द का विलोम रूप है ––
   (A) अनुपयोग (B) सदुपयोग (C) निरुपयोग (D) प्रयोग

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –
   (A) मालाएँ (B) शाला (C) कहानी (D) कमरा

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –
   (A) सिलाई (B) सीना (C) सिलाना (D) सिलवाना

5. 'जलाशय' शब्द में संधि है –
   (A) गुण (B) वृद्धि (C) दीर्घ (D) यण

6. निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का उदाहरण है –
   (A) जलधारा (B) त्रिधारा (C) बेशरम (D) सुख-दुख

7. ई गवर्नेन्स क्या है ? -वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -
   (A) अल्प (B) पूर्ण (C) विस्मयादिबोधक (D) प्रश्नवाचक

8. देश को तुम _____ गर्व है । रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –
   (A) का (B) पर (C) से (D) में

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : **4x1=4**

9. कलाम की बहन : जोहरा :: कलाम की माता : _____।
10. चंदन का आगार : कर्नाटक :: सिलिकॉन सिटी : _____।
11. मकान की छत : मछली की पीठ जैसी :: मकान के स्तंभ : _____।
12. भोलापन : बालकृष्ण :: वात्सल्य : _____।

III. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : **4x1=4**

13. लेखक चौक में क्यों गये थे ?
14. हाथी से उत्तर पाकर दोनों दोस्त किससे मिले ?
15. परमाणु किसे देखकर काँपते हैं ?
16. तुलसीदास के अनुसार पाप का मूल क्या है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : **8x2=16**

17. लेखक के अनुसार सेब का महत्व क्या है ? बताइए ।
18. जलालुद्दीन कलाम को किन किन विषयों के बारे में बताते थे ?
19. फूल-मालाएँ मिलने पर लेखक ने क्या सोचा ?

20. कलेक्टर साहब ने बालशक्ति की तारीफ क्यों की ?
21. आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर कैसे विजय पायी है ? बताइए ।
22. बलराम कृष्ण को कैसे चिढ़ाता है ?
23. 'टाइटन' के बारे में लिखिए ?

    अथवा

    'शनि एक ठंडा ग्रह है ।' कैसे ? बताइए ।
24. झूठ का सहारा लेते हैं तो क्या-क्या सहना पड़ता है ?

    अथवा

    अकुल ने मीना मेड़म से क्या कहा ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : **9x3=27**

25. गिल्लू के क्रियाकलापों का विवरण दीजिए ।
26. वीड़ियो कॉन्फरेन्स का परिचय दीजिए ।
27. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?
28. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।
29. 'महिला की साहसगाथा' पाठ से हमें क्या संदेश मिलता है ? समझाइए ।
30. कवि ने मातृभूमि की प्राकृतिक विशेषताओं का वर्णन कैसे किया है ? बताइए ।
31. 'समय की पहचान' कविता की अंतिम चार पंक्तियों काआशय स्पष्ट कीजिए ।
32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

    राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।
    तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ॥

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :**

    आज हम सभी इंटरनेट का उपयोग करते हैं । यह हमारी आधुनिक जीवनशैली का अंग बन गया है । सचमुच इंटरनेट एक वरदान है ।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : **2x4=8**

34. बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

    अथवा

    पं. राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

    असफलता .....
    .....
    .....
    .....भागो तुम।

VII. 36. **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **4x1=4**

वाणी प्राणी की पहचान है । जिस प्रकार कौए और कोयल की पहचान उसकी वाणी से हो जाती है, उसी प्रकार किसी व्यक्ति के आचार-व्यवहार तथा स्वभाव की परख उसकी वाणी द्वारा हो जाती है । दुर्जनों की वाणी कटु तथा कर्कश होती है । कटु वाणी हृदय में शूल की तरह चुभती है । इससे अपने भी पराए हो जाते हैं । मीठी वाणी शत्रु को मित्र बना सकती है । निराश व्यक्तियों में आशा, उत्साह का

संचार करा सकती है । जिस व्यक्ति ने अपनी वाणी को वश में कर लिया और मधुर वचनों का प्रयोग सीख लिया, उसने मानो सब पा लिया । मधुर वाणी अमृत के समान काम करती है ।

अ) वाणी किसकी पहचान होती है ?
आ) कटु वाणी हृदय में कैसे चुभती है ?
इ) मीठी वाणी शत्रु को क्या बना सकती है ?
ई) मधुर वाणी किसके समान काम करती है ?

VIII. 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **4x1=4**

क) ग्राम सुधार
- प्रस्तावना
- ग्रामीण जीवन का परिचय
- ग्राम सुधार के लिए सुझाव
- उपसंहार

ख) इंटरनेट का महत्व
- प्रस्तावना
- अर्थ
- इंटरनेट से लाभ
- इंटरनेट से हानियाँ
- उपसंहार

ग) स्वच्छता अभियान
- प्रस्तावना
- स्वच्छता का महत्व
- अभियान सफल बनाने के लिए सुझाव
- उपसंहार

IX. 38. **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **5x1=5**

अपने बड़े भाई की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।

अथवा

स्कूल में मनाए गए स्वतंत्रता दिवस के बारे में वर्णन करते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।.

* * *